तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विशेष कक्षा ...



10 छुईखदान के वनांचल में आस्था और रहस्य ...



## खबर संक्षेप

### विशिष्ट उपभोक्ताओं का आज होगा सम्मान

**नांदघाट।** छत्तीसगढ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर छत्तीसगढ रजत महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे से वितरण केन्द्र नांदघाट में किया जा रहा है। उक्त अवसर पर अलग अलग श्रेणी के विशिष्ट रेगुलर उपभोक्ताओं को सम्मानित किया जाना है। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री बेमेतरा एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**देवकर।** बीती रात गुरुवार को गांधी चौक वार्ड नंबर 07 निवासी जय सुराना (37 वर्ष ) पिता पारसमल सुराना ने घर के कमरे में नायलॉन रस्सी से सीलिंग हुक में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक अविवाहित था। सुबह जब अपने कमरे से बाहर नहीं आया तब परिजनो को आशंका हुई। जिसके बाद देवकर पुलिस को सूचना दी गई पुलिस घटना स्थल पहुंच अंदर से बन्द दरवाजे को तोड़कर देखा तो मृतक जय सुराना फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। प्रथम दृष्टिया जांच में पुलिस को परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक रोगी था और उसका उपचार राजनांदगांव जिले के देवादा मानसिक रोगी अस्पताल मे चल रहा था। पुलिस मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा भेजा। मृतक अनाज व्यवसाई गौतम सुराना के भाई थे। घटना से घर, परिवार व समाज में में ग़म का माहौल है। मृतक का दोपहर 3 बजे देवकर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### 30 पौवा शराब के साथ पकड़ाया आरोपी

**भिलाई।** थाना खुर्सीपार पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 पौवा शराब जब्त की है। आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 28 जनवरी मुखबिर से सूचना मिली कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली मार्केट, देवार बस्ती के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी अमीरो बाघ (35 वर्ष) निवासी मछली मार्केट, देवार बस्ती को अवैध शराब बिक्री करते हुए पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 30 पौवा शराब कुल 5400 बल्क लीटर और बिक्री रकम 200 रुपए बरामद की गई। जब्त शराब की कुल कीमत 2640 रुपए बताई गई है। मामले में थाना खुर्सीपार में धारा 34(2) आबकारी एक्ट में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा माह 2026: बेमेतरा के दो यातायात जवान मुख्यमंत्री के हाथों हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में परिवहन मंत्री केदार कश्यप, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, यातायात रायपुर के सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बेमेतरा जिले के यातायात आरक्षक भोलाराम मेरावी एवं पुना सिंह राजपूत को सड़क सुरक्षा माह के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त दोनों यातायात जवानों ने जिले में आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन हेतु लगातार जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, यातायात संकेतों का पालन कराने तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके चलते उन्हें यह राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ।

## भोलाराम और पूना सिंह को उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए मिला सम्मान



### इन्होंने दी बधाई

बेमेतरा जिले के यातायात जवानों के सम्मानित होने पर पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशिकला उईके, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## खुलासा

# किशन हत्याकांड का 48 घंटे में खुलासा शराब भट्ठी में रची थी साजिश, 6 गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल रस्सी, बत्ता व चाकू को पुलिस ने किया बरामद**

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया।

कबीरधाम जिले के सीमावर्त ग्राम पैलपार में 27 जनवरी को खेत के कुएं में एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था, मामला पूरी तरह अंधे कत्ल का प्रतीत हो रहा था, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन और सख्त निर्देशों पर कबीरधाम पुलिस व थान खम्हरिया पुलिस के लगातार दबिश, तकनीकी साक्ष्य और गहन पूछताछ के जरिए मात्र 48 घंटे के भीतर इस जघन्य हत्याकांड से पर्दा उठ गया।

उक्त हत्याकांड के तीन अपचारी बालक सहित 6 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया,सभी आरोपी थान खम्हरिया के रहने वाले है वही मृतक किशन उर्फ पाव वर्मा समीपस्थ ग्राम ढेकापुर तहसील थान खम्हरिया का रहने धाले है।उक्त गंभीर मामले को लेकर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा तत्काल निर्देश दिए गए, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में जांच को तेज गति दी गई। पुलिस खुलासा करते हुए बताया कि 27 जनवरी को पैलपार सुमित जैन के खेत स्थित कुएं में शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जबकि आरोपीयो ने मृतक किशन की 5 जनवरी को ही हत्या कर दी थी। शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई गई, जिसकी पहचान किशन उर्फ पाव वर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी ढेकापुर के रूप में हुई थी। शव की स्थिति और बंधे हुए ईंट-कांक्रीट लगे पत्थर से प्रथम दृष्टया स्पष्ट हो गया था कि हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंका गया है। इस पर थाना सहसपुर लोहारा में धारा 103(1), 238(बी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अलग-अलग टीम बनाकर जांच शुरू की। मृतक की गतिविधियों, संपर्कों और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ते हुए संदिग्धों को हिरासत में लेकर लगातार पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार किया।



### रस्सी से बांधकर शव के साथ कुएं में फेंका

हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने जारी ने बताया कि आरोपियों ने 05 जनवरी को थान खम्हरिया स्थित शराब भट्ठी के पास चखना दुकान के समीप मृतक किशन वर्मा को अकेला देखकर पुरानी रंजिश के चलते हत्या की योजना बनाई थी पहले उसी स्थान पर हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट की गई, फिर राम धुर्वे द्वारा चाकू से वार किया गया, जिससे मृतक बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। इसके बाद उसे देवेन्द्र कुंभकार की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-07-बीवी-8064 में बैठाकर पैलपार मुक्तिधाम के पास ले जाया गया जहां मुक्तिधाम के समीप ही सुनसान स्थान पर प्रकाश धुर्वे द्वारा लाए गए लकड़ी के बत्ते से सभी आरोपियों ने बारी-बारी से मृतक पर प्राणघातक हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद शव को सुमित जैन के खेत स्थित कुएं तक घसीटकर ले जाया गया, जहां ईंट-कांक्रीट लगे भारी पत्थर को रस्सी से बांधकर शव के साथ कुएं में फेंक दिया गया ताकि पहचान न हो सके और अपराध छुपाया जा सके। पुलिस द्वारा आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर पूरी घटना का ▶▶| शेष पेज 12 पर

# यूजीसी के नए नियमों का राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नवागढ़ में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के विरोध में राजपूत क्षत्रिय समाज नवागढ़ ने प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) नवागढ़ को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने यूजीसी के नियमों को सामाजिक समरसता के विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

इस अवसर पर उपसमिति अध्यक्ष मिथलेश बिसेन ने कहा कि यूजीसी द्वारा बनाए जा रहे नियम अंग्रेजी हुकूमत की मानसिकता को दर्शाते हैं, जिससे देश में सामाजिक सामंजस्य बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे नियम लागू होते रहे तो आने वाले दिनों में जाति आधारित यूनिफॉर्म तक तय कर दी जाएगी, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। राजपूत क्षत्रिय समाज इस मुद्दे पर देशव्यापी आंदोलन में पूर्ण समर्थन करेगा और हर स्तर पर विरोध दर्ज कराएगा। समाज के प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि यूजीसी के नए नियमों को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कांग्रेस ने मनरेगा नाम परिवर्तन के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

- केंद्र सरकार के फैसले पर नाराजगी जताते हुए नेताओं ने तहसील के सामने पंडाल लगाकर किया विरोध

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के बाद कांग्रेस नेताओं ने वृहद स्तर पर नांदघाट में धरना प्रदर्शन सांकेतिक चक्काजाम का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सरकार को कोसते हुए नाराबाजी करते हुए कांग्रेस नेताओं ने तहसील के सामने पंडाल लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। और जुलुस निकाल कर मुंगेली रोड में सांकेतिक चक्काजाम कर भारत के राष्ट्रपति के नाम 'मनरेगा ' के नाम परिवर्तन पर आपत्ती करते हुए योजना का नाम यथावत रखने का हस्ताक्षरित आवेदन ज्ञापन तहसीलदार के अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को सौंपा ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंग बंजारे प्रभारी सतीष मारकंडेय ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र साहु, अरमान साहु पूर्व किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव शकील खान, पूर्व जिला सचिव आरिफ रजा पार्षद रनिया देवी पप्पू मिरी नारायण साहु मंडल अध्यक्ष बदनारा रोली वैषणव हीरा भारती समेत अनेक नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के संबंध में निर्वतमान विधायक गुरुदयाल बंजारे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वानऔर प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में राष्ट्र और प्रदेशव्यापी आंदोलन मनरेगा को यथावत रखने के लिए किया जाता है। इसके माध्यम से प्रदेश में सरकार की कमजोरियां उजागर की जा रही है। धान घोटाले को लेकर सरकार को घेरते हुए बंजारे ने कहा कि मुसवा को बताना होगा कि कितना धान उसने खाया है। और कौन मुसवा है इसे सब लोग जान रहे हैं। कांग्रेस के प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष और जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल ने जी राम जी को मनरेगा से बेहतर जनोपयोगी और विकास ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बैजी टोल प्लाजा का विधायक दीपेश साहू ने किया उद्घाटन

# सुगम होगा सफर, लेकिन स्थानीय लोगों में टैक्स को लेकर बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- चिंता का विषय 5 से 20 किमी के दायरे वालों पर क्या पड़ेगा असर

शहर से गुजरने वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम बैजी के समीप निर्मित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल प्लाज़ा का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर टोल प्लाज़ा का उद्घाटन किया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सड़क और परिवहन सुविधा किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती है। टोल प्लाज़ा के शुरू होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनहित में बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है और बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विधायक ने एनएचएआई के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में भाजपा नेता योगेश वर्मा, दीनानाथ साहू, मोहित चौधरी, सुशील भदौरिया, अभिमन्यु सिंह, अरविंद सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हालांकि, टोल प्लाज़ा के शुभारंभ के साथ ही स्थानीय नागरिकों और ग्रामीण अंचल के लोगों के बीच कई सवाल और चिंताएं भी सामने आने लगी हैं। टोल प्लाज़ा शहर से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहीं जिले की थान खम्हरिया लगभग 20 किलोमीटर दूर है। इसके अतिरिक्त 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में लगभग सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्र आते हैं, जहां के निवासी रोज़ाना चार पहिया वाहनों से जिला मुख्यालय बेमेतरा आते-जाते हैं। इनमें खरीदी-बिक्री, हॉट बाजार, शासकीय कार्यों के साथ-साथ कृषि कार्य से जुड़े लोग भी शामिल हैं, जिन्हें अपने खेतों तक पहुंचने के लिए टोल प्लाज़ा को पार करना पड़ता है। ग्रामीणों और स्थानीय रहवासियों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या रोज़मर्रा के आने-जाने पर उन्हें हर बार टोल टैक्स देना होगा? 5 से 20 या 25 किलोमीटर की सीमित दूरी तय करने वाले वाहन चालकों को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट और सार्वजनिक जानकारी सामने नहीं आई है। ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक में रश्मिदेवी कॉलेज को मिला दूसरा स्थान

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह और नवीन कन्या कालेज के संयुक्त



तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के निर्देशन में मनाया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता के संदर्भ में शपथ दिलाया जिसके बाद दोनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं रंगोली प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला कार्यालय गए जहाँ नुक्कड़ नाटक में रानी रश्मिदेवी सिंह महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया और रंगोली प्रतियोगिता में दोनों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पर्धा में विजेता छात्र-छात्राओं को संस्था प्रमुख ने बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार आडवानी और आभार प्रदर्शन डॉ उमेंद चंदेल ने किया। अतिथि प्राध्यापिका डॉ मेधाविनी तुरे ने पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान दोनो महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अंसग देव साहेब का सुखद सत्संग पिपरिया में

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय संत अंसग देव साहेब का दो दिवसीय सुखद सत्संग शनिवार 7 और रविवार 8 फरवरी को पिपरिया वार्ड में होगा। दिव्य संत्सग में ज्ञान वर्षा के आयोजक सदगुरू कबीर पारख सेवा संस्थान ने संत्सग का लाभ उठाने अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील की है।

### बापू की पुण्यतिथि पर नशे का कारोबार, सरकार बेनकाब

**खैरागढ़।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने महात्मा गांधी की



पुण्यतिथि पर ड्राई डे के बावजूद शराब दुकानों के खुले रहने को लेकर सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपिता के सत्य, संयम और अहिंसा के आदर्शों का सीधा अपमान है। गुलशन तिवारी ने आरोप लगाया कि यह कदम शराब कारोबारी मानसिकता को उजागर करता है और जनता की भावनाओं के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने कहा गांधी कोई नाम नहीं, विचारधारा हैं। 80 से अधिक देशों में आज भी उनका सम्मान है इस विचारधारा को कोई सत्ता या पार्टी मिटा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को इस संवेदनहीनता पर तत्काल सार्वजनिक स्पष्टीकरण देना चाहिए और पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय अवसरों पर ड्राई डे के नियमों का सख्त पालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के दुहरे चरित्र प्रदर्शन के बावजूद देश रघुपति राघव राजा राम का भाव लेकर उनके बताए रास्तों का अनुकरण करेगा।

### वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति

**घुमका।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में गुरूवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य गणपत दुबे थे। अध्यक्षता पूर्व जनपद सदस्य दिलीप पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य मधुबाला कसार एवं अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। अतिथियों का स्वागत बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने योग का शानदान प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव के साथ ही कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री दुबे ने कहा कि वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं को अपनी अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर है। प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। इस मौके पर सेवाराम दुबे, नोहेन्द्र सिन्हा, छन्नू आडिल, गंगेश्वर वर्मा, सौरभ सिंह, रूपनारायण साहू, सूरज पात्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

### व्यंजनों से महका कलेवा मेला, उमड़े लोग

**डोंगरगांव।** महिलाओं में पाककला और व्यवसायिक सोच विकसित करने के लिए दिगम्बर जैन भवन में बीते दिनों कलेवा मेला का आयोजन किया गया। मेला में महिलाओं और युवतियों ने खाद्य सामग्री सहित अन्य के स्टाल लगाए। मेला का शुभारंभ दिगंबर जैन समिति, श्वेतांबर जैन समिति एवं महेश्वरी समाज समिति के वरिष्ठजनों ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू ने परिजनों के साथ शामिल होकर स्टॉल संचालकों को सम्मानित किया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने प्रतिभागियों और आयोजकों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता वर्ग में अनुभा, दामिनी, समीक्षा, सृष्टि, नेकी की दीवार को सांखला ज्वेलर्स, केएम कॉस्मेटिक, संदीप मोटर्स के सहयोग से पुरस्कृत किया गया। पूरे आयोजन में निकिता, पावन, उज्जवल, खुशी, समीक्षा, नैना, काम्या, श्रुति, साक्षी, सृष्टि, सजल, शुभम, सिद्धांत, उद्देश्य, सिद्धार्थ, गौरव, अमन, चित्रांश, नमन, अनंत की विशेष सहभागिता रही।

पेज 9 के शेष...

### किशन हत्याकांड का 48 घंटे ...

रिक्रिएशन कराया गया, जहां यह स्पष्ट हुआ कि हत्या कहां की गई और शव को कहां व किस तरह कुएं में फेंका गया। पूछताछ के आधार पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बत्ता, चाकू, मोटरसाइकिल एवं रस्सी जप्त की गई। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़ों को उन्होंने जला कर नष्ट कर दिया था।

**गिरफ्तार आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर:** मृतक किशन का आरोपीयो कै साथ मीत्रवत संबाध होना बताया जा रहा है प्रकारण मे प्रकाश धुर्वे पिता शत्रुहन धुर्वे उम्र 25 वर्ष,उमेश उर्फ लक्की राजपूत पिता विनोद उम्र 20 वर्ष तथा खेमलाल उर्फ ईशु निषाद पिता घनश्याम निषाद उम्र 20 वर्षसभी निवासी वार्ड क्रमांक 09, थान खम्हरिया जिला बेमेतरा सहित प्रकरण में तीन अपचारी बालक भी संलिप्त पाए गए हैं, जिन्हें पृथक से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### यूजीसी के नए नियमों ...

ये रहे उपस्थितः ज्ञापन देने वालों में निहाल सिंह, अजय भुवाल, हुलास भूवाल, पीयूष ठाकुर, पप्पू ठाकुर, राकेश ठाकुर, कौशल ठाकुर, आदित्य ठाकुर शामिल थे। वहीं उपसमिति मारो से अवधेश सिंह, चंद्रकांत सिंह, रामाधार सिंह, जीवन सिंह, रामशरण सिंह, प्रमोद सिंह, दिलहरण सिंह, सुनील सिंह, मिलाप सिंह, राजू सिंह, राजेश सिंह, प्रकाश सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अशोक पवार, कमोद सिंह, रिंकू सिंह, राहुल सिंह, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में राजपूत क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने मनरेगा ...

समावेशी तथा ग्रामीण भारत के मूलभूत आवश्यकताओं के अनुरूप बताते हुए कांग्रेसी नेताओं के प्रदर्शन को सिर्फ सियासी बताया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर ही कैंद्रीय योजनाओं को अटका लटका कर प्रदेश के विकास का विरोधी बताया ।

### सुगम होगा सफर, लेकिन ...

इसी असमंजस के कारण क्षेत्रवासियों के मन में चिंता बढ़ती जा रही है कि कहीं दैनिक आवाजाही महंगी न हो जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पास के गांवों और नियमित आवागमन करने वालों के लिए टोल में छूट जैसी व्यवस्था स्पष्ट रूप से लागू नहीं की गई, तो इसका सीधा असर आम नागरिकों, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। ऐसे में क्षेत्रवासियों ने एनएचएआई और प्रशासन से मांग की है कि टोल नीति को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि रोज़मर्रा के यात्रियों को राहत मिल सके।

## प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा को लेकर बैठक

# बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विशेष कक्षा लगाने के निर्देश

### कमजोर विषय वाले छात्रों की करें पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, संयुक्त संचालक दुर्ग आरएल ठाकुर व डीईओ लालजी द्विवेदी की उपस्थिति में जिले के समस्त हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्री-बोर्ड परीक्षा के परिणामों की समीक्षा करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने शालावार परिणामों का विश्लेषण कर कमजोर विषयों वाले छात्रों की पहचान करते हुए विशेष कक्षा संचालन, नियमित मूल्यांकन व शैक्षणिक अनुशासन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तैयारी, शिक्षकों की सक्रिय भूमिका और सतत निगरानी से परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।



#### शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया जोर

संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने दिशा-निर्देश देते हुए विद्यालयीन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्णता और शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा में बेहतर परिणाम और प्रावीण्य सूची में विद्यार्थियों के चयन को आवश्यक मार्गदर्शन दिया साथ ही उन्होंने वीएसके ऐप, अपार आईडी, छात्रवृत्ति व आरटीई से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश प्राचार्यों को दिया। बैठक में दोनों ब्लाक के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी सहित समस्त शालाओ प्राचार्य उपस्थित थे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने वनांचल और जिले के अंतिम छोर पर स्थित स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति और स्कूलों में संचालित सरकारी योजनाओं की ज़मीनी हकीकत जाना।

डीईओ ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया, जिसमें सेजेश गंडई, हाईस्कूल लिमो, प्राथमिक शाला ढाबा एवं सेतवा, पूर्व माध्यमिक शाला खौड़ा और सर्राकापा संकुल कटंगी, दुल्लापुर संकुल ढाबा के निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल पूछे। सेतवा की प्राथमिक शाला में तीसरी के बच्चों ने पहाड़े का सही जवाब दिया, तो अधिकारी ने उनकी जमकर सराहना की। उन्होंने सर्राकापा और सेतवा स्कूलों में विकसित किचन गार्डन, आकर्षक रंग-रोगन और दीवारों पर बने प्रेरणादायक चित्रों को देखकर ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

#### बच्चों को मिले भोजन

निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में शिक्षक अध्यापन कार्य करते मिले। उन्होंने संकुल समन्वयक मुकेश कश्यप, योगेंद्र सिंह कश्यप और राजेश कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि छात्रों और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि भोजन जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र बच्चे तक पहुंचे।शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रयास जारी रहे।

# कनेरी राशन दुकान बंद मिलने पर किया सील

**मोहला।** राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा के प्रवास के दौरान शिकायत प्राप्त होने पर निरीक्षण दल के सदस्यों के साथ ग्राम कनेरी पहुँचे। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष अपने राशन कार्ड लेकर मौके पर उपस्थित हुए। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान बंद पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि दिसंबर माह में दुकानदार ने पॉश मशीन में अंगूठा का निशान लेकर बाद में राशन दिया जाएगा कहकर उन्हें लौटा दिया था। कुछ उपभोक्ताओं को 35 किलो के स्थान पर मात्र 15 किलो चावल दिया गया। निरीक्षण करने पर खाद्यान्न भंडारण नहीं दिखा, जबकि रिकॉर्ड अनुसार दुकान में 134.94 क्विंटल चावल, 5.53 क्विंटल शक्कर तथा 9.49 क्विंटल नमक उपलब्ध होना था। इस गंभीर अव्यवस्था को देखते हुए खाद्य आयोग अध्यक्ष श्री शर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को दुकान सील करने के निर्देश दिए। जांच में 134.94 क्विंटल चावल, 2.01 क्विंटल शक्कर एवं 3.93 क्विंटल नमक की गड़बड़ी पाई गई। कनेरी उचित मूल्य दुकान को रामगढ़ स्थित दुकान में संलग्न कर दिया गया है।

# एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संभाग आयुक्त व रोल ऑब्जर्वर दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित थे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ और 74-डोंगरगढ़ आंशिक के मतदान केंद्रों सहित उनके अंतर्गत पंजीकृत मतदाताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा आपत्ति तहत प्राप्त आवेदनों की स्थिति से अवगत कराया गया।

#### अंतिम सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को

बैठक में नो-मैपिंग प्रकरणों के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 73-खैरागढ़ में कुल 1655 मतदाताओं के नाम चिन्हांकित किए गए हैं, जिनमें से 1477 प्रकरण डीईओ आईडी में दर्ज किए जा चुका हैं। इसके अतिरिक्त 27 मतदाताओं के दस्तावेज अन्य राज्य से और 10 मतदाताओं के दस्तावेज अन्य जिले से संबंधित पाए गए हैं। इस प्रकार कुल 37 मतदाताओं के दस्तावेज संबंधित जिला राज्य को सत्यापन के लिए प्रेषित किया गया हैं। वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 73-खैरागढ़ के अंतर्गत लॉजिकल एरर से संबंधित 73,429 मतदाता चिन्हित हैं, जिन्हें नोटिस जारी करने की कारवाई प्रचलित है। नोटिस तामिली उपरांत आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनका सत्यापन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पूर्व पूरा करने के बाद 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में आयुक्त ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध व त्रुटिरहित हो, यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।

# गरिमामय ढंग से मना छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

## विद्युत वितरण कंपनी की 25वीं वर्षगांठ पर उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छुईखदान स्थित कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान राज्य निर्माण के पश्चात विद्युत क्षेत्र में हुई उपलब्धियों, अधोसंरचना विकास, उपभोक्ता सेवाओं में सुधार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर नियमित रूप से विद्युत बिल का भुगतान करने वाले विभिन्न श्रेणियों के 5-5 आदर्श उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्युत विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना है, ताकि नागरिक अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।



#### दी गई जानकारी

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत कर सकते हैं तथा शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

#### उपभोक्ता सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक कोमल जांघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद विद्युत आपूर्ति, बुनियादी ढांचे और उपभोक्ता सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना विद्युत विभाग की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव कोमल जांघेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव, छुईखदान प्रेस क्लब अध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी छोटे राजा देवराज किशोर दास, संजय महोबिया, विक्रांत चंद्राकर, पार्षद श्रीमती शैव्या वैष्णव, वरिष्ठ पत्रकार करण सिंह ठाकुर, दुर्गा साहू, ज्ञान यादव, रामसुख साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं विद्युत विभाग की ओर से अभियंता सचिन उत्तरवार, सहायक अभियंता सुश्री मदालसा विश्वकर्मा, कनिष्ठ अभियंता अमन कुमार, सीएल सिहारे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत मुर्रा के मिडिल स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम





**नांदघाट/रायपुर।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत मुर्रा स्थित मिडिल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा और देशभक्ति के जज्बे से पूरे माहौल को तिरंगे के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। तिरंगे को सलामी देने के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने उपस्थित ग्रामीणों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान और अधिकारों की याद दिलाता है, और बच्चों को शिक्षित होकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए।


## बुजबुजी में मां नर्मदा का उद्गम स्थल, पर्यटन की अपार संभावनाएं

# छुईखदान के वनांचल में आस्था और रहस्य का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान विकासखंड मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर पश्चिम दिशा में देवरचा रोड पर स्थित छिंदारी बांध के समीप घोर वनांचल एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र में बसा ग्राम टोपा मडवाभाटा (बुजबुजी) एक प्राचीन धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है। यह ग्राम देवरचा पंचायत का आश्रित ग्राम है।

मान्यताओं के अनुसार, यहीं धरती को चीरते हुए मां नर्मदा का पावन उद्गम हुआ है। इसी स्थल पर भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर भी स्थापित है। इतिहासकारों और स्थानीय बुजुर्गों की मानें तो यह धार्मिक स्थल सैकड़ों वर्ष पुराना है। घने जंगलों से आच्छादित यह क्षेत्र प्राचीन काल में राजा-महाराजाओं का आखेट स्थल रहा है। कहा जाता है कि वे विश्राम और भ्रमण के उद्देश्य से इस क्षेत्र में आया करते थे। आज भी यहाँ महलनुमा हवेलियों के पुराने अवशेष, राजाओं एवं जमींदारों की समाधियां देखी जा सकती हैं, जो इस क्षेत्र के गौरवशाली अतीत की कहानी कहते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस क्षेत्र की पहाड़ियों में एक लंबी रहस्यमयी सुरंग मौजूद है, जिसके बारे में जानकारी केवल आसपास के ग्रामीणों को ही है। कहा जाता है कि यह सुरंग अमरकंटक तक जाती है, तथा उसी पहाड़ी के ऊपर जल से भरा एक विशाल कुंड भी स्थित है, जो अनेक रहस्यों को समेटे हुए है। मान्यता है कि यहां आज भी साधु-संत गुप्त रूप से आते-जाते रहते हैं। इसी पहाड़ी के अंतिम छोर पर स्थित है प्रसिद्ध गुफा 'मंडिपखोल', जहां प्रतिवर्ष एक बार भव्य मेला आयोजित होता है। इतनी अपार धार्मिक एवं पर्यटन संभावनाओं के बावजूद, यह क्षेत्र आज भी बिजली, पेयजल, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण आदिवासी अंचल के विकास के नाम पर वर्षों से केवल उपेक्षा ही होती रही है।



#### रीति-रिवाजों का अद्भुत संगम

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां आदिवासी मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें दूर-दराज के वनांचल क्षेत्रों से आदिवासी महिला-पुरुष अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होते हैं। इस मेले में आदिवासी संस्कृति, नृत्य, परंपरा और रीति-रिवाजों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जो आधुनिक युग में भी लोगों को आकर्षित करने की अद्वितीय क्षमता रखता है।

#### समिति का गठन

क्षेत्र के समग्र विकास एवं पर्यटन मानचित्र में शामिल करने के उद्देश्य से युवा वर्ग द्वारा 'जय भोले बुजबुजी विकास एवं उत्थान समिति' का गठन किया गया है, जो शासन-प्रशासन का ध्यान इस ऐतिहासिक स्थल की ओर आकर्षित कर रही है। बुजबूजी मंदिर समिति के अध्यक्ष कुशल राम कंवर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कार्यक्रम में पधारकर मां बुजबूजी के दर्शन कर पुन्य की भागीदार बने।

### बापू की पुण्यतिथि पर नशामुक्ति संकल्प दिवस का आयोजन

**खैरागढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी निर्देश और कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर जिले में नशामुक्ति संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के समस्त कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। जिला कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नशे से होने वाले दुष्प्रभावों व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए नशा न करने की समझाइश दी गई। अंत में सभी को नशामुक्ति का संकल्प एवं शपथ दिलाया गया। जिले के शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत रानी रश्मि देवी महाविद्यालय खैरागढ़, महाविद्यालय छुईखदान, साल्हेवारा, जालबांधा, बाजार अतरिया और शासकीय कन्या विद्यालय खैरागढ़ में भी नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आयोजन : मुख्य अतिथि ने नागरिक कर्तव्यों और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

# सशिमं मगरघटा में मना वार्षिकोत्सव सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट



सरस्वती शिशु मंदिर मगरघटा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय संतोष सिंह खुराना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सह संघ चालक बेमेतरा जो नवागढ़ के निवासी है उपस्थित रहे एवं विशेष अतिथि के रूप में अंजू बघेल जिला पंचायत सदस्य मारो क्षेत्र कृषि विभाग सभापति उपस्थित रहे एवं अतिथि के रूप में विवेक शुक्ला पूर्व जनपद सदस्य नांदघाट एवं उमेश साहू वर्तमान जनपद सदस्य नांदघाट क्षेत्र एवं उपसरपंच जगदीश प्रसाद साहू ग्राम के सरपंच के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मीनारायण जांगड़े ग्राम के पंच गण तथा मल्दा, धोबघट्टी,मगरघटा व तरपोंगी से गणमान्य नागरिक प्रबुद्ध जन एवं मातृ शक्तियों की गरिमा मयी उपस्थिति रही।

- विशेष अतिथि ने बच्चों के संस्कार और शिक्षा की महत्ता पर किया प्रकाश

मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में चल रहे पांच परिवर्तन के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। अधिकारों की हम लड़ाई लड़ते हैं लेकिन कर्तव्य की बात को भी हमें नहीं भूलना चाहिए वृक्ष लगाकर प्रकृति की सेवा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए जिससे भविष्य में पर्यावरण का संकट ना आए और हम सबको ऑक्सीजन की पूर्ति होती रहे। कोरोना काल में जिस प्रकार से ऑक्सीजन के लिए लोग मर रहे थे आज वह स्थिति निर्मित ना हो भविष्य में कभी किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन के अभाव में कोई अपने जान से न जाए इसके लिए हम सबको अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी सेवा करनी चाहिए एवं सामाजिक समरसता बनाते हुए आपस में अपने छोटे-बड़े जातियों के भाव को त्याग कर एक समरस परिवार का भाव निर्माण करना चाहिए। इस प्रकार से समाज को एकजुट रहने का आग्रह किया तथा विशेष अतिथि के रूप में श्रीमान अंजू बघेल जी ने सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले बच्चे श्रेष्ठ और संस्कारवान होते हैं इसलिए सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने के लिए सभी पालकों का ध्यान आकर्षित करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। जनपद सदस्य नांदघाट उमेश साहू ने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार से प्रतिवर्ष सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाने का आग्रह किया। विशेष रूप से व्यसन मुक्ति आंदोलन और दहेज प्रथा के विरोध में जो नाटक प्रदर्शित हुआ उसकी सभी गणमान्य नागरिकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की तथा सभी कार्यक्रम को व्यवस्थित धार्मिक संस्कार प्रद एवं अत्यंत मनमोहक रहा।

## पचभैया स्कूल में मना वार्षिकोत्सव, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**बेमेतरा/दाढ़ी।** विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पचभैया में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जी आर चतुर्वेदी (जिला शिक्षा अधिकारी) एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कामिनी महिलांगे( विकासखंड शिक्षा अधिकारी) रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गया राम चंद्राकार (भाजपा मंडल अध्यक्ष), राजेंद्र कुमार साहू (बीआरसी बेमेतरा)विशिष्ट अतिथि के रूप में रामलखन खरे (सरपंच) कुमारी जायसवाल (जनपद सदस्य)राकेश साहू (पूर्व सरपंच) अर्चना नंदकुमार जायसवाल (उपसरपंच) छवि राम चंद्राकार,खेमसिंह नेताम




प्राचार्य,सुखचंद चंद्राकर संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

बच्चों ने करमा, सुआ, ददरिया, पंथी, राउत नाचा, नशा मुक्ति जैसे गीतों पर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को देखकर दर्शकों के माध्यम से बच्चों को पुरस्कृत राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रूपलाल साहू, मोहन साहू, दामन जायसवाल,भागबली चंद्राकर,कमलेश चंद्राकर एंव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधान पाठक मूलचंद साहू ने की।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक के रूप में सुनीत देवांगन, टोमन लाल धनकर, मुकेश कुमार ध्रुव,संतोष चंद्राकर सहित आसपास के विद्यालय से प्रेमलाल ध्रुव, हेमचंद साहू,गौकरण चंद्राकर पोखन साहू (जिला अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन) सहित राजीव भुवाल,दिलीप उर्वशा उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर कलेक्टोरेट परिसर में दो मिनट का मौन, शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा जारी स्थायी निर्देशों के अनुसार आज पूर्वान्ह 11.00 बजे जिले के कलेक्टरेट परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारी और कर्मचारी बने सहभागी
- देशभर में गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

निर्धारित समय पर कलेक्टरेट कार्यालय में सभी शासकीय कार्य एवं गतिविधियाँ दो मिनट के लिए स्थगित कर दी गईं। अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए मौन रखा। इस अवसर पर वातावरण पूरी तरह गंभीर एवं श्रद्धाभाव से परिपूर्ण रहा। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 11.02 बजे तक देशभर में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की स्मृति को नमन किया जाता है। जहाँ संभव हो, वहाँ सायरन अथवा अन्य संकेतों के माध्यम से मौन की शुरुआत एवं समाप्ति की सूचना दी जाती है।

जिला प्रशासन द्वारा शहीद दिवस को गरिमामय एवं जनभागीदारी के साथ मनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया है। आम नागरिकों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक उपक्रमों को इस दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए शहीदों के बलिदान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका तथा राष्ट्रीय एकता से संबंधित विषयों पर हाईब्रीड/ऑनलाईन माध्यम से भाषण एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्टरेट परिसर में आयोजित इस मौन श्रद्धांजलि के माध्यम से राष्ट्र की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को ससम्मान याद किया गया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

# सूदूर वनांचल क्षेत्र में क्रिकेट व कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

पंडरिया विधानसभा के वनांचल एवं आदिवासी ग्राम पंचायत महीडबरा के आश्रित ग्राम कुशियारी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह तथा ग्राम कड़मा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजयी टीमों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

विधायक ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणजनों से मिलने वाला स्नेह और आर्शीवाद उन्हें अपने जनप्रतिनिधि के दायित्वों के निर्वहन हेतु निरंतर प्रेरणा और ऊर्जा देता है। इस प्रतियोगिता में आसपास के 16 ग्रामों की टीमों ने सहभागिता की जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

# जिला स्तरीय वीबी जी राम जी योजना कार्यशाला का आयोजन

## जनता को जागरूक बनाने का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को वीबी जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विकासोन्मुख व जनकल्याणकारी स्वरूप पर हुई विस्तृत चर्चा को जन-जन तक पहुंचाने कायकर्ताओं से कहा गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा वीबी जी राम जी योजना विकसित भारत के लिए सिर्फ राहत ही नहीं, विकास आधारित योजनाओं में एक है ऐसी योजनाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा मनरेगा पहले केवल सौ दिन की रोजगार हुआ करती थी, अब 125 दिन की ग्रामीण रोजगार व अधोसंरचना योजनाओं के साथ विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीणों को वृहत लाभ देने वाला होगा। उन्होंने विपक्ष के भ्रम और झूठ की नीति का जिक्र करते हुए कहा, उनकी सरकारों में मनरेगा से होने वाली काली कमाई अब रुक जाएगी, इसलिए विपक्ष के पेट में दर्द तो होना ही था।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा 2014 के बाद इन 11 वर्षो में डबल इंजन की सरकार ने पिछली 70 वर्ष की सरकारों से अधिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग नाम बदलने का रोना रो रहे हैं, उन्होंने पहले अनेकों बार इस योजना का नाम नेहरू से बदला, फिर गांधी के नाम पर किया और ऐसे ही 600 से अधिक योजनाएं, कांग्रेस सरकारों ने गांधी परिवार के नाम पर किए हैं। कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, अशोक चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, जयराम साहू, महामंत्री नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमंग पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी व नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व जिला सयोजक सोशल मीडिया गजेंद्र तम्बोली व संगठन के पदाधिकारी सभी मंडल के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित थें।

### सरकार के कार्य को जनता के बीच पहुंचाना हमारा दायित्व

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भापजा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा हमारा दायित्व है कि सरकार के इस अच्छे कार्य को जनता के बीच पहुंचाना ताकि ग्रामीणों को रोजगार गारंटी की इस विकासपरक योजना की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा योजना के पहले दिन से ही जागरूक जनता, इसमें बढ़ चढ़कर भागीदारी करें। उन्होंने कहा आगामी 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं को प्रवास करने पर जोर दिया।

# सोमई कला के विद्यार्थियों ने परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पिछले में आयोजित परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत ग्राम सोमई कला के विद्यार्थी अपनी लगन, प्रतिभा एवं अध्ययनशीलता, अनुशासन से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्राम के भावना साहू पिता ऋषि कुमार साहू माता उषा साहू ने कक्षा 10वीं में 88.33% एवं भूमि वर्मा कक्षा 12वीं में 71.8% पिता शेष कुमार वर्मा माता स्व सरिता वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 30 जनवरी को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शैक्षणिक समिति - सोमई कला के अध्यक्ष एवं सदस्यों, शाला के शिक्षक द्वारा ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच एवं ग्रामीणजनों की गरिमामय उपस्थिति में प्रदान किया गया। सावित्री बाई फुले ज्ञान -सम्मान शैक्षणिक समिति -सोमई कला द्वारा प्रदत्त प्रतिभावान छात्रा सम्मान में प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि 1000/- से सम्मान प्रति वर्ष प्रदान किया जाएगा। जिसे प्रतिवर्ष 26 जनवरी प्राथमिक एवं पूर्व माध्य.विद्यालय सोमईकला गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उक्त शैक्षणिक समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। सावित्री बाई फुले ज्ञान-सम्मान शैक्षणिक समिति-सोमई कला वि.ख. साजा जिला बेमेतरा में कुल 9 सदस्य है। समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा (व्याख्याता), सदस्य गण खुमान ठाकुर (शिक्षक), राजू वर्मा (शिक्षक), राजेश ठाकुर (शिक्षक), बीरेंद्र कुमार साहू (बैंक कर्मचारी), श्री वेदप्रकाश साहू (शिक्षक), हेमंत साहू(शिक्षक), डाकवर ठाकुर (इंजीनियर), संत कुमार घृतलहरे (शिक्षक)। समिति के अध्यक्ष व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा ने कहा है कि इस समिति का उद्देश्य है ग्राम के निर्धन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है एवं उच्च शिक्षा के लिए गाइडेंस, पुस्तक एवं अन्य प्रकार से आने वाले उनके आवश्यकताओं को पूरा करना है। देखने में आता है कि ग्राम के अधिकांश बच्चे सामान्यतः स्कूली शिक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। जो दुखद है।

- कक्षा 10वीं और 12वीं में छात्र-छात्राओं ने अर्जित किए अच्छे अंक
- सावित्री बाई फुले ज्ञान-सम्मान से मिली सराहना



## पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस ने किया मनरेगा बचाओ संग्राम धरना प्रदर्शन व चक्काजाम

**पंडरिया।** पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पंडरिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा योजना को बंद करने का प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा योजना को बचाने के लिए संघर्ष करेगी और इसके लिए हर संभव प्रयास करेगी। साथ ही धान खरीदी को लेकर जिस प्रकार सरकार का रवैया और मंशा नहीं है कि किसान का धान ले अभी भी पंडरिया व कवर्धा में हजारों किसान का धान नहीं बिका है और शनिवार 31 जनवरी 2026 को धान खरीदी का समापन दिवस है।

## नवघटा में 26 जनवरी 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पूर्व व हाई स्कूल नवघटा में हर्षोल्लास के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि डॉ राजेंद्र चंद्रवंशी ने मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर ध्वजा रोहण किया गया। इस दौरान शाला समिति अध्यक्ष तुलसी राम साहू, उपाध्यक्ष भागवत चंद्रवंशी, पंच रामेश्वर साहू, योगदत्त साहू एवं हाईस्कूल के प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित गणमान्य नागरिक व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों का चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69 वां शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर महाराष्ट्र में 30 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गो की टीम सम्मिलित हो रही है जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से श्रवण सिंह राजपूत एवं बालिका वर्ग में विनीता यादव का चयन हुआ है साथ ही कोच के रूप में दिनेश वर्गीस एवं मृत्युंजय शर्मा व्यायाम शिक्षक का हुआ है जो 28 जनवरी को बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर माह में रायगढ़ में आयोजित हुए राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में दुर्ग जोन के द्वारा बालक वर्ग में स्वर्ण पदक एवं बालिका वर्ग में रजत पदक लगाया गया था, जिनमें इन दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिसके आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है जो जिले के लिए गौरव की बात है। वहीं महाराष्ट्र में आयोजित सीनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करेंगे। श्रवण राजपूत नगर के प्रतिष्ठित संस्थान अशोका पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वी के छात्र है, वही विनीता यादव शासकीय उच्चत्तर हॉयर स्कूल मोहगांव की छात्रा है इन दोनों खिलाड़ियों का यह पहला राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। जिस पर अकेडमी के दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में चयनित होने के अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला वनमण्डल निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेन्द्र सिंह, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, दिनेश वर्गीस, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त स्टॉप ने बधाई एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## तान्या मरावी को मिला ऊर्जस्विता वीमेन एम्पावरमेंट अवार्ड



**हरिभूमि कोलेगांव।** भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की सहायक डारेक्टर व छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय गोंड़ चित्रकार सुश्री तान्या मरावी को ऊर्जस्विता वीमेन एम्पावरमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित मध्य प्रदेश की पावन धरा और राजधानी भोपाल मे था, जिसमें सुश्री तान्या मरावी को उनकी कला और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ऊर्जस्विता वीमेन एम्पावरमेंट अवार्ड 2026 से नवाजा गया है। यह सम्मान अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी तथा होटल मैनेजमेंट संस्थान आईएचएम, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है। तान्या मरावी भोरमदेव आदिवासी चितरे फाउंडेशन के माध्यम से आदिवासी कला के संरक्षण में जुटी हुई हैं। उन्होंने अब तक 150 से अधिक छात्राओं को प्रशिक्षण देकर उनमें कला के प्रति अलख जगाई है। उनके द्वारा स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर बनाए गए गोंड़ चित्र स्थानीय कहानियों और परंपराओं को जीवंत कर रहे हैं। फाउंडेशन के डायरेक्टर बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि तान्या का यह सम्मान छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला और उन सभी महिलाओं की जीत है जो अपनी संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही हैं। तान्या का लक्ष्य गोंड़ कला की समृद्ध विरासत को विश्व पटल पर लाना और ग्रामीण प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोडना है। संस्था के रिटायर आई एफ एस अधिकारी व भारत भवन भोपाल जनजातीय कला एवं मेकर डारेक्टर एके भट्टाचार्य ने अवार्ड के लिए चयनित किया उसके लिए आभार व्यक्त किया, बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने और कहा ये छत्तीसगढ़ की बेटियों की मेहनत रंग लाया। कृति चद्रवंशी, मानसी चंद्रावंशी, दिप्ती मानिकपुरी, सुश्री स्वाती राजवाडे, अभिषेक स्वामी, तुषार मरावी, गोवर्धन सिंह मरकाम, श्रीमती धनेश्वरी विश्वकर्मा, डॉ असलम शेख व डॉ श्याम दिवाकर ने फोन से बधाई दिया और कबीरधाम जिला अध्यक्ष लिलाधर नेताम, सुंदर सिंह मरावी, प्रभात विश्वकर्मा, और शिवम पटेल, लता साहू, श्वेता वर्मा, महेश साहू, भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दिया। अपनी कला से हमारी संस्कृति को नई ऊंचाइयां देने और सैकड़ों युवाओं को प्रेरित करने वाली तान्या को इस शानदार उपलब्धि के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। फाउंडेशन की नई पहल बहुत जल्दी शुरू होने वाला हैं भोरमदेव के बैगा जनजातीयों को द भोरमदेव बैगा आर्ट व राष्ट्रीय गोंड़ आर्ट का प्रशिक्षण देने का काम चालू होने वाला है, यह जानकारी भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के डारेक्टर और अंतराष्ट्रीय चित्रकार व राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने दिया

### ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की

# सीसी रोड निर्माण में लापरवाही, पक्की नाली व ढोल पाइप नहीं लगाने से जलभराव, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में गलियों में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृति मिलते ही ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा सीसी रोड का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन नाली निर्माण एवं ढोल पाइप लगाना भूल गया। जिस पर ग्राम निवासी नरेश चंद्रवंशी एवं सुखदेव सिंह ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की है कि सीसी रोड के दोनों किनारों में शीघ्र नाली निर्माण एवं आवश्यक स्थानों पर ढोल पाइप लगाया जाए, ताकि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की समुचित निकासी हो सके। नाली और ढोल पाइप के अभाव में घरों से निकलने वाली गंदा पानी सीसी रोड के बीचों-बीच जलभराव की स्थिति निर्मित होने से एक ओर नव-निर्मित सीसी रोड जल्द ही जर्जर व बदहाल होने की आशंका है, वहीं दूसरी ओर राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या की ओर अब तक जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है, जबकि जिम्मेदारों को तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए ताकि ग्रामीण रहवासियों को सुविधा मिल सकें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 47 छात्राओं को मिली साइकिल

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार की कक्षा 9 वीं की छात्राओं को गत दिनों सायकिल प्रदान किया गया। लाभांवित 47 छात्राओं में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की शामिल हैं। इस दौरान शाला समिति के अध्यक्ष इंदु भुआर्य, शुभम देशमुख, नरेश सोनी, जागृत देवांगन, जगदीश देवांगन, अंग्रेज चक्रधारी, प्रभारी प्राचार्य केके साहू आदि मौजूद थे।

### माता बहादुर कलारिन जयंती 2 को

**डोंगरगांव।** ग्राम रामपुर में आगामी 2 फरवरी को सिन्हा कलार समाज की आराध्यदेवी माता बहादुर कलारिन जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, गंगाराम सिन्हा, जनपद अध्यक्ष छुरिया संजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ लता सिन्हा शामिल होंगे। रामपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन से होगा। दोपहर एक बजे से अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन होगा। शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाला जाएगा। रात्रि में पवन मानस परिवार मकरनपुर का रामायण पाठ होगा। रामपुर के संतराम सिन्हा ने स्वजातियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन आज

**खड़गांव।** स्थानीय विद्या श्री विजडम स्कूल में कल 31 जनवरी को वार्षिकोत्सव का आयोजन रखा गया है।मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी खेमलता दास और अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल होंगे।अतिथि के रूप में थाना प्रभारी संजय यादव, राणाटोला सरपंच हेमचंद कृष्णे,खडगांव सरपंच रमिला ध्रुवे, सरपंच तोमन साहू और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मानपुर बालचंद कुरेटी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्पोर्ट्स में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। मैनेजिंग डायरेक्टर गजानंद चौधरी और चीफ मिस्टर तरूण कुमार चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं और पालकों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### छात्र-छात्राओं ने गांधी को किया याद

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धांजलि अर्पण किया गया। इस दौरान उनके महान आदर्शों एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।

### आसरा में भागवत कथा 1 से

**डोंगरगांव।** ग्राम आसरा में आगामी एक से 9 फरवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक तिलेन्द्र महाराज होंगे। आयोजन की शुरूवात 1 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। आगामी 9 फरवरी को गीता सार, पूर्णाहूति के बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा का वाचन दोपहर एक से चार बजे तक होगा।

_गौरव यदु व आयुष शर्मा को दी गई महामंत्री की जिम्मेदारी

# बेमेतरा भाजपा युवा मोर्चा में नई कार्यकारिणी घोषित, विजय वर्मा बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**मंत्री दयाल दास बघेल का रहा नियुक्ति में दबदबा**





भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद को लेकर घमासान, एक-दो दिन में हो सकती है घोषणा



खबर का असर

भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला संगठन को लेकर चल रहा सियासी घमासान आखिरकार थम गया है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया ने संगठन की सहमति के नाम पर बेमेतरा जिले में युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इस घोषणा के साथ ही भाजपा की जिला राजनीति में किसका कद बढ़ा और किसे झटका लगा, यह तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। नवागढ़ क्षेत्र से आने वाले युवा नेता विजय वर्मा को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही यह संदेश भी दे दिया गया है कि जिले की भाजपा राजनीति में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल की पकड़ फिलहाल सबसे मजबूत है। वहीं गौरव यदु और आयुष शर्मा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है।

### हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर

गौरतलब है कि हरिभूमि ने पहले ही अपने शुक्रवार के अंक में विजय वर्मा को जिला अध्यक्ष पद का सबसे प्रबल दावेदार बताते हुए उनकी ताजपोशी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। अब संगठन की घोषणा ने उस खबर पर अंतिम मुहर लगा दी है।

### विजय वर्मा की ताजपोशी, नवागढ़ की जीत

राजनीतिक गलियारों में विजय वर्मा की नियुक्ति को सीधे तौर पर नवागढ़ ब्लॉक की संगठनात्मक जीत के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही इसे मंत्री दयालदास बघेल के प्रभाव का विस्तार माना जा रहा है। पार्टी के अंदरखाने में चर्चा है कि जिस तरह जिला भाजपा अध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी के गठन में मंत्री बघेल की चली, उसी तर्ज पर युवा मोर्चा में भी उनकी पसंद को प्राथमिकता दी गई है।

### महामंत्रियों के जरिए संतुलन, लेकिन सत्ता का केंद्र साफ

महामंत्री बनाए गए आयुष शर्मा साजा विधानसभा क्षेत्र से आते हैं और युवा मोर्चा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। वहीं गौरव यदु को युवाओं के बीच पकड़ और संगठनात्मक संतुलन साधने के उद्देश्य से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन दोनों नियुक्तियों को प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया की पसंद बताकर पेश किया जा रहा है, लेकिन असली सत्ता संतुलन किसके पक्ष में है, यह किसी से छिपा नहीं है।

### विधायक दीपेश साहू को बड़ा सियासी झटका

युवा मोर्चा के गठन में विधायक दीपेश साहू की पसंद को पूरी तरह नजरअंदाज किया जाना भाजपा की आंतरिक राजनीति में बड़ी चर्चा का विषय बन गया है। उनके समर्थकों में न केवल निराशा है, बल्कि दबी जुबान में नाराजगी भी खुलकर सामने आ रही है। पार्टी सूत्रों की मानें तो यह फैसला आने वाले समय में संगठन के भीतर नए सियासी समीकरण गढ़ सकता है। **उत्साह भी, असंतोष भी:** नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में जहां एक ओर उत्साह देखा जा रहा है, वहीं जिला अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल रहे कई युवा चेहरे मायूस नजर आए। संगठन के भीतर यह सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या यह टीम सभी गुटों को साथ लेकर चल पाएगी या नहीं। जिला संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेताओं का दावा है कि युवा मोर्चा की यह नई टीम आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है और इससे युवाओं को पार्टी से जोड़ने में मदद मिलेगी। नव नियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी नेताओं ने बधाई दी है, लेकिन राजनीतिक जानकारों की नजर इस बात पर टिकी है कि यह टीम जमीन पर कितना असर दिखा पाती है।

# खाद्य मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत कार्यालय मारो में नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह समीक्षा बैठक खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर के समग्र विकास को लेकर चल रही योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों से प्रत्येक कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा एवं क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिले की कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं उपस्थिति रही। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा और शीघ्र लाभ मिल सके। खाद्य मंत्री बघेल ने नगर पंचायत क्षेत्र के सुव्यवस्थित विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि आमजन के जीवन स्तर में वास्तविक और सकारात्मक सुधार लाना होना चाहिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण करें, कार्यों की गुणवत्ता की सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने एवं जनहित में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

# श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से ही मिल जाती है पापों से मुक्ति : श्रद्धा दीदी

- श्रीमद् भागवत कथा में हुआ ध्रुव चरित्र व शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग
- बारगांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन उमड़ी श्रोताओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम बारगांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से दीक्षा प्राप्त पूज्या श्रद्धा दीदी ने ध्रुव चरित्र और शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई। कथा वाचक पूज्या श्रद्धा दीदी ने कहां की भागवत कथा श्रवण मात्र से ही पापों से मुक्ति मिलती है। जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं, भगवान नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं।

इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। कपिल अवतार ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है, इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए कहा कि भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। उन्होंने बताया कि किसी भी काम को करने के लिए मन में विश्वास होना चाहिए तो कभी भी जीवन में असफल नहीं होंगे। जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप कट जाता है। ध्रुव चरित्र की कथा के बारे में भक्तों को विस्तार से वर्णन कर बताया।

### भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए

शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए पूज्या श्रद्धा दीदी ने कहा कि यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई, सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रुप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुईं तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरु तो हो गई, लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए। इसके बाद वे कैलाश पर्वत चले गए। तीन हजार सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की। इसके बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ। कथा स्थल पर भगवान शिव और माता पार्वती के पात्रों का विवाह कराया गया। विवाह में सारे बाराती बने और खुशिया मनाई। कथा में भूतों की टोली के साथ नाचते-गाते हुए शिवजी बारात आई। बारात का भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शिव-पार्वती की सचित्र झांकी सजाई गई। विधि-विधान पूर्वक विवाह सम्पन्न हुआ। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और विवाह की रस्म पूरी हुई। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।



# भाजपा युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकारिणी में विजय वर्मा को अध्यक्ष गौरव यदु आयुष शर्मा के महामंत्री नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेताओं ने उत्साह के साथ स्वागत किया। नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल जिला अध्यक्षअजयसाहू एवं प्रदेश जिला के नेताओं के प्रतिआभार व्यक्त करते हुए नव नियुक्त अध्यक्ष विजय वर्मा एवं महामंत्री को मिठाईयां खिलाकर शुभकामनाएं दी ।

जिला पंचायत सभापति जिला उपाध्यक्ष भाजपाअंजू बघेल जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रणीश रजक सरपंच संघ जिला अध्यक्ष लालन यादव केशव साहू धर्मेंद्र गोस्वामी ललित साहू शुभम शुक्ला प्रमोद मोदी हेमंत यदु मेहुल वर्मा राहुल वासु करण राहुल संजय सहित अनेक युवा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विजय वर्मा ने जिले के युवाओं को युवा मोर्चा में लाकर प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा से ओत प्रोत भाजपा को और भी सशक्त बनाने काआश्वासन दिया। पहली बार भाजयुमो जिला अध्यक्ष नवागढ़ विधानसभा कोअवसर मिलने पर क्षेत्र के युवाओं में उत्साह है। नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने नियुक्ति के लिए प्रदेश व जिला के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# पूर्व सरपंच मनीष साहू ने 7वीं बार किया रक्तदान



**बेमेतरा/नवागढ़।** स्वर्गीय राजा गांधी की याद में आज स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की मदद करना था।इस अवसर पर प्रतापपुर के पूर्व सरपंच मनीष साहू ने सातवीं बार रक्तदान कर समाज के सामने मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि रक्तदान ही स्वर्गीय राजा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है।युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करें और नियमित रूप से रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। मनीष साहू के इस सेवा भाव की पूरे नगर में प्रशंसा हो रही है। शिविर में शहर के कई युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# नवागढ़ महाविद्यालय की रिया का क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता–2026 में चयन



**नवागढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता–2026 में शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ की छात्रा रिया यादव (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान प्राप्त किया, वहीं रवेंद्र साहू (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने दसवाँ स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि रिया यादव का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस-कंट्री (महिला) प्रतियोगिता के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की टीम में किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी माह मंगलौर (कर्नाटक) में आयोजित होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गिरीश कांत पांडे ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता महाविद्यालय की मजबूत खेल परंपरा, नियमित प्रशिक्षण एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। क्रीड़ा समिति के संयोजक प्रो. दुर्गा सोनी ने बताया कि खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रशिक्षक प्रो. निर्मल कुमार एवं कोच मणिशंकर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। महाविद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राजेन्द्र शर्मा ने सीएम साय से राजधानी रायपुर में की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा एवं रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने सीएम विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री साय को प्रदेश की बागडोर कुशलता से संभालने पर एवं सरकार के सफलता पूर्वक दो साल पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं तथा उनके नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की खुलकर सराहना की।

मुलाकात के दौरान राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास की नई दिशा तय हो रही है। गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिक वर्ग को केंद्र में रखकर बनाई गई योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों को आम जनता के लिए राहतकारी बताते हुए कहा कि इन योजनाओं से जनता में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के मकान बनने लगे है। इस योजना की सर्वत्र तारीफ हो रही है, इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

**दो अलग-अलग मुद्दों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन**

# जनगणना 2027 में ओबीसी श्रेणी स्पष्ट करने और यूजीसी के समानता विनियम के समर्थन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महासभा ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने जनगणना 2027 में प्रस्तावित जाति आधारित जनगणना को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।

महासभा ने कहा कि जनगणना भारत गणराज्य की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसकी पारदर्शिता और स्पष्टता पर ही आंकड़ों की विश्वसनीयता और जनता का विश्वास निर्भर करता है। विशेषकर जाति जनगणना जैसे संवेदनशील विषय पर किसी भी प्रकार की अस्पष्टता सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। महासभा ने हाल ही में जारी जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं घर-घर गणना की प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 12 पर आपत्ति दर्ज कराई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रश्न में केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और “अन्य” का विकल्प दिया गया है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने इसे अत्यंत गंभीर विषय बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि जनगणना 2027 में जाति आधारित जनगणना को शामिल किया जाएगा। ऐसे में प्रथम आधिकारिक दस्तावेज़ में ओबीसी श्रेणी का अभाव कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। ज्ञापन में कहा गया कि भारत की सामाजिक संरचना, आरक्षण व्यवस्था और अधिकांश कल्याणकारी नीतियों का बड़ा आधार अन्य पिछड़ा वर्ग है। इसके बावजूद प्रश्नावली में ओबीसी का उल्लेख न होना यह संकेत देता है कि ओबीसी परिवारों की पहचान, वर्गीकरण और गणना किस चरण में और किस प्रक्रिया से की जाएगी, इस पर अभी तक कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश सामने नहीं आए हैं। ओबीसी महासभा ने मांग की कि जाति आधारित जनगणना की संपूर्ण रूपरेखा सार्वजनिक की जाए तथा राजनीतिक दलों, राज्य सरकारों, ओबीसी संगठनों और विषय विशेषज्ञों से परामर्श कर प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 12 में अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी को शीघ्र शामिल किया जाए। इसके साथ ही महासभा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम का समर्थन किया। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत देश के सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में निष्पक्ष, समावेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में समान अवसर केंद्र (ईओसी) की स्थापना की जा रही है, जो एक सराहनीय पहल है।

### निर्णय प्रक्रिया में रही सभी वर्गों की सहभागिता

महासभा ने बताया कि इन संस्थानों में गठित समानता समितियां भेदभाव से जुड़ी शिकायतों के निराकरण का कार्य करेंगी और इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन एवं महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में सभी वर्गों की सहभागिता बनी रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष पंचम साहू, उपाध्यक्ष रोमन लाल जायसवाल एवं नानक साहू, संरक्षक रामसहाय वर्मा, तहसील बेमेतरा अध्यक्ष हितेंद्र सिन्हा, दिनेश वर्मा, विक्रम देवांगन सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411